काशी में एग्री जंक्शन केंद्र खुलेंगे

चर्चा में क्यों?

अधिकारियों के अनुसार, **काशी में प्रशिक्षित युवा कृषकों के लिये 20 एग्री जंक्शन केंद्र** खोले जाने हैं।

मुख्य बिंदु

- **चालू वित्त वर्ष के लिये ज़िले का लक्ष्य युवा, प्रशिक्षित किसानों के लिये 20 एग्री जंक्शन केंद्र खोलना है।**
- राज्य सरकार ने **वर्ष 2016-17 में इस योजना की शुरुआत की थी।** वर्ष 2016-17 से 2023-24 के बीच कुल 104 केंद्र खोले गए, जिनमें से **71 वर्तमान में सक्रिय** हैं।
  - कोई भी कृषि या कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक, जिसके पास किसी राज्य या केंद्रीय विश्वविद्यालय या **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)** या **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)** द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य विश्वविद्यालय से कृषि और संबद्ध विषयों जैसे **बागवानी, पशुपालन, वानिकी, डेयरी, पशु चिकित्सा, मुर्गीपालन** तथा इसी तरह की गतिविधियों में डिग्री है, वह एग्री जंक्शन केंद्रों की स्थापना हेतु आवेदन करने के लिये पात्र होगा।
- इसके अलावा, कृषि में अनुभवी डिप्लोमा धारक, इंटरमीडिएट योग्यताधारी उम्मीदवारों पर भी विचार किया जाएगा।
- चयन के बाद लाभार्थियों को **ग्रामीण व्यवसाय विकास योजना (RIDP)** में 13 दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।
  - RIDP व्यवसाय स्थानांतरण और विस्तार प्रयासों को समर्थन देने हेतु **स्थानीय विकास निगमों के माध्यम से अनुदान निधि प्रदान करता है।**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (The Indian Council of Agricultural Research- ICAR)

- इसकी **स्थापना 16 जुलाई, 1929 को** **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के तहत एक **पंजीकृत सोसायटी** के रूप में की गई थी।
- यह कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (Department of Agricultural Research and Education- DARE), **कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय,** भारत सरकार के तहत एक **स्वायत्त संगठन** है
- इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

- यह 28 दिसंबर, 1953 को अस्तित्व में आया और **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956** द्वारा विश्वविद्यालय शिक्षा में शिक्षण, परीक्षा तथा अनुसंधान के मानकों के समन्वय, निर्धारण एवं रखरखाव के लिये **भारत सरकार का एक वैधानिक संगठन** बन गया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग **शिक्षा मंत्रालय** के अधीन कार्य करता है, केंद्र सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और दस अन्य सदस्यों की नियुक्ति करती है।
- अध्यक्ष का चयन ऐसे व्यक्तियों में से किया जाता है **जो केंद्र सरकार अथवा किसी राज्य सरकार के अधिकारी नहीं होते।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kashi-to-open-agri-junction-centres